बिहार विधान परिषद

206वां बजट सत्र

लिखित उत्तर के लिए अल्पसूचित प्रश्न

27 फरवरी 2024

: [ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग].

अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या- 7

लक्ष्य के विरुद्ध राशि खर्च

50. **श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

क्या **गन्ना उद्योग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि मुख्यमंत्री गन्ना विकास कार्यक्रम अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में 2878.1000 लाख वित्तीय लक्ष्य के विरुद्ध मात्र 1275.62294 लाख रु० ही खर्च हो सके ;

(ख) क्या यह सही है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में मुख्यमंत्री गन्ना विकास कार्यक्रम के तहत 2500.00000 लाख रुपये की स्वीकृत कार्य योजना के विरुद्ध अब तक खर्च प्रतिशत शून्य है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार के स्वीकृत वित्तीय लक्ष्य के विरुद्ध राशि खर्च नहीं होने का औचित्य क्या है?

रेल दुर्घटना में इलाज

51. **प्रो. (डा.) राजवर्धन आजाद (मनोनीत):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि 17 सितंबर 2023 को रेल दुर्घटना में घायल हुई लड़की सोनाली को पी.एम.सी.एच. के इमरजेंसी विभाग में 38 घंटे तक सीटी स्कैन के लिये इन्तजार करना पड़ा;

(ख) क्या यह सही है कि ऐसे केसेज में तुरंत इलाज मुहैया कराना अति आवश्यक होता है;

(ग) क्या यह सही है कि बच्ची के पिताजी से पोस्टमार्टम के समय में 200/ रु० लिया भी गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषियों की जांच कराकर उचित कार्रवाई करना चाहती है?

कर्मियों की नियुक्ति

52. **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक)ः**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि पी.एम.सी.एच. पटना के नेफ्रोलॉजी विभाग में चिकित्सकों, टेक्निशियनों एवं कर्मियों की कमी के कारण खरीदी गई कुछ ही मशीनों से डायलिसिस किया जा रहा है, शेष बंद है;

(ख) क्या यह सही है कि दो शिफ्ट में मरीजों का डायलिसिस होता है तथा नेफ्रोलॉजी विभाग में आवश्यकता से कम लोग कार्यरत है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मानक के अनुरूप कर्मियों की नियुक्ति कर बंद डायलिसिस मशीनों का उपयोग करना चाहती है, यदि हां तो कब तक?

नल का जल योजना

53. **श्री तरुण कुमार (समस्तीपुर स्थानीय प्राधिकार)ः**

क्या **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि समस्तीपुर जिला के विद्यापतिनगर के विद्यापतिनगर प्रखंड की मऊ धनेशरपुर दक्षिणी पंचायत के वार्ड संख्या 05 की नल का जल योजना पूर्ण नहीं हुई है;

(ख) क्या यह सही है कि योजना पूर्ण नहीं होने की वजह से वार्ड संख्या के 05 के निवासियों को अब तक नल जल योजना का लाभ नहीं मिला है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार नल का जल योजना के तहत वार्ड के निवासियों को नल का जल की आपूर्ति कब तक करना चाहती है ?

बैंक गारंटी

54. **श्री रवीन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा):**

क्या **ऊर्जा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि देश के अन्य राज्यों में उद्योग की स्थापना के लिए बिजली कनेक्शन हेतु धरोहर राशि के रुप में बैंक गारंटी लेती है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के अंदर उद्योग स्थापना हेतु बिजली कनेक्शन हेतु धरोहर राषि के रुप में दो माह की पूरी राशि ड्राफ्ट / नगद जमा ली जाती है;

(ग) क्या यह सही है कि धरोहर राशि अगर बैंक गारंटी के रुप में ली जाती है तो उ्द्योगपतियों का आर्थिक बोझ कम हो जाता है, जिसे वे उद्योग के विस्तार में लगाते है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार धरोहर राशि के रुप में बैंक गारंटी लेने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

चीनी मिल चालू कराने पर विचार

55. **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **गन्ना उद्योग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रीगा चीनी मिल विगत चार वर्षो से बंद है;

(ख) क्या यह सही है कि नेशनल कम्पनी लॉ ट्रिब्यूनल कोलकाता ने रीगा चीनी मिल की निविदा कराई थी जिसमें 30 अगस्त 2023 को दो खरीदार हल्दिया स्टील्स तथा भारत एग्रो के पक्ष में निविदा खुली परंतु कंपनियो ने खरीद राशि अभी तक नहीं जमा की है;

(ग) क्या यह सही है कि रीगा चीनी मिल पर चालीस हजार किसानों तथा लाखों लोग का जीवन आश्रित है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सक्षम

उ्द्यमी से रीगा चीनी मिल चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

योजना का लाभ

56. **श्री अफाक अहमद खां (विधान सभा):**

क्या **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद जिला अन्तर्गत रतनी फरीदपुर अंचल, नारायणपुर पंचायत के पतियावां ग्राम में सात निश्चय योजना अन्तर्गत हर घर नल का जल क्रियान्वित है;

(ख) क्या यह सही है कि पतियावां ग्राम का मुख्य मार्ग राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पतियावां होते हुए सरैया बाजार जाता है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त ग्राम के मुख्य मार्ग में अवस्थित सभी घरों में हर घर नल का जल अभी तक नहीं पहुंचा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पतियावां ग्राम के उन सभी अति पिछड़ों तक जो इस योजना से वंचित हैं उसका लाभ पहुंचाने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?